आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 18.03.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार....

- निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटाया ।
- प्रदेश में पहले चरण में छह लोकसभा सीटों के लिए अधिसूचना बुधवार को होगी जारी ।
- केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 15 मई से 31 मई के बीच होगी । और
- भोपाल में दिनभर धूप की तपिश रही, वहीं राज्य के कुछ जिलों में बेमौसम बारिश का दौर जारी ।

-----------

चुनाव आयोग - गृह सचिव

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों तथा पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटा दिया है। सूत्रों ने बताया है कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृहसचिवों को हटाया गया है। मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक प्रभाग के सचिवों का भी तबादला कर दिया गया है। इसके अलावा बृहन्मुम्बई महानगरपालिका के आयुक्त इकबाल सिंह चहल तथा अपर आयुक्तों और उपायुक्तों को भी हटाने का आदेश दिया गया है।

## चुनाव आयोग निर्देश

चुनाव आयोग ने आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कैबिनेट सचिव, राज्यों के मुख्य- सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को हटा लिया जाए। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि मुख्यन निर्वाचन अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के चित्र राज्यन सरकार के विभागों की वेबसाइट से तुरंत हटाएंगे।

## प्रदेश अधिसूचना

प्रदेश में चार चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इनमें से चार सामान्य और दो आदिवासी सीटें हैं। पहले चरण के लिए अधिसूचना बुधवार 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश के छह लोकसभा सीट पर बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी चुनाव नामांकन की अधिसूचना जारी करेंगे। सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि कांग्रेस की तीसरी सूची में इन लोकसभा सीटों के लिए बचे नामों का ऐलान हो सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार इन सभी लोकसभा सीटों पर नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 27 मार्च होगी और 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी का काम किया जाएगा। 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

## प्रधानमंत्री शिवमोग्गा रैली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्णाटक के शिवमोग्गा में एक रैली के दौरान कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार, लूट और तुष्टिकरण की राजनीति करती है जबकि भाजपा का मतलब है विकास और मजबूत भारत। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षो के दौरान 25 करोड से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि अगले पांच वर्षो में सभी पात्र लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के दायरे में लाया जाएगा।वहीँ, टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव आयोग में आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई है। गोखले का आरोप है कि पीएम मोदी ने आंध्रप्रदेश के पलनाडु में लोकसभा सीट चिलकलुरिपेट में एक चुनावी रैली में भाग लेने के लिए वायुसेना के हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया।

## डेंगू सम्मेलन

दिल्ली में आयोजित डेंगू सम्मेलन में आज बताया गया कि डेंगू के मामले चिंताजनक गति से बढ़ रहे हैं। देश में पिछले वर्ष डेंगू के तीन लाख मामले दर्ज किए गए और इससे 39 मरीजों की मौत हुई। उन्होंने आग्रह किया कि सार्वजनिक सुरक्षा और शहर नियोजन के सभी हितधारकों को डेंगू के खतरे से निपटने के लिए आगे आना चाहिए। हितधारकों को  संसाधनों को बेहतर ढंग से साझा करने और कुशलतापूर्वक योजना बनाने के लिए एक साथ आना चाहिए।

## प्रवेश परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 31 मई के बीच आयोजित करायेगी। आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा है कि आवेदन की अंतिम तिथि 26 मार्च के

बाद पंजीकृत छात्रों की संख्या और उनकी भौगोलिक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी।

भोपाल चुनाव तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में चुनाव आयोग ने राजधानी भोपाल के लगभग 10 हजार आर्म्स लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। अगले 7 दिन में हथियार थानों या फिर आर्म्स डीलर्स के यहां जमा कराने होंगे। ऐसा नहीं करने पर आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। चुनाव की आचार संहिता खत्म होने तक यह आदेश लागू रहेगा।

गुना में चुनाव तैयारी

गुना जिले में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मतदान सामग्री का वितरण होगा. यहीं पर ईव्हीएम के स्ट्राँग रूम बनाए जायेंगे और मतगणना भी होगी। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक के साथ आज पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी तथा मतगणना स्थल के विषय में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दलों को मतदान केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शिवपुरी में चुनाव तैयारियां

शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। इसी क्रम में स्थानीय पोलो ग्राउंड मैदान पर आज स्वीप अभियान की गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ और मतदाता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर मुस्कान शेख, मयंक अग्रवाल, कृष्णा रावत भी मौजूद रहे।

इस मौके पर महिलाओं महिलाओं का वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने पर चर्चा हुई ।

खंडवा चुनाव
खंडवा में लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आज से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मतदान दल के लिए ई.व्ही.एम. के प्रशिक्षण के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एम.एल.बी., शासकीय मोतीलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय एस.एन. कॉलेज का चयन किया गया है। प्रत्येक कक्ष में लगभग 40-40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इन केन्द्रों पर 3 हजार 840 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान जिले से नियुक्त 68 मास्टर ट्रेनर द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। खंडवा में श्री हुकुमचन्द यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय खण्डवा को मतदान सामग्री वितरण, प्राप्ति, स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल के रूप में चयनित किया गया है।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है। जहां एक तरफ राजधानी भोपाल में दिनभर धूप की तपिश रही, वहीं कुछ जिलो में बेमौसम बारिश हो रही है। आज अनूपपुर, छिंदवाड़ा और बैतूल जिले में कई जगहों पर मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने कल भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग,भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी उत्तरी ओडिशा के ऊपर से छत्तीसगढ़ होते हुए विदर्भ तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अरब सागर से नमी ला रही है।मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 19 मार्च को शहडोल-अनूपपुर में रेड अलर्ट है। दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, उमरिया, डिंडोरी,

मंडला और बालाघाट में आंधी-बारिश और ओले का मौसम रहेगा। प्रदेश में 20 मार्च तक बारिश-ओले का दौर चलने का अनुमान है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. अमरकंटक में विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 21 मार्च को रन फॉर वन एण्ड वोट मैराथन तथा बैगा फैशन शो का आयोजन आयोजित किया जा रहा है।
2. अशोकनगर में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
3. पन्ना में जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने अजयगढ़ क्षेत्र का भ्रमण कर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया.
4. सीहोर के कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य पूरी गंभीरता के साथ करने के निर्देश दिए हैं ।
5. सतना में लोकसभा निर्वाचन के लिये नियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स का विधानसभा वार प्रशिक्षण आज दो पालियों में आयोजित किया गया ।
6. बैतूल में सोशल मीडिया पर असामाजिक एवं शरारती तत्वों द्वारा अप्रिय स्थिति फैलाने वाले संदेशों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है।
7. गुना में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बताया गया कि आदर्श आचरण संहिता से पूर्व स्वीकृत एवं प्रारंभ कार्य जारी रहेंगे। नवीन कार्य स्वीकृत नही होंगे। और
8. खण्डवा में सभी विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायेंगे।

....................